मुफ्त स्वास्थ्य शिविर 22 को

विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवाएं

- अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसाइटी करेगी आयोजन
- मोतियाबिंद के ऑपरेशन होंगे, जरूरतमंदों को मिलेंगे चश्मे

आज समाज नेटवर्क

अंबाला सिटी। अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 22 जनवरी को सुबह 9 बजे नगर निगम सामुदायिक केंद्र कुम्हार मंडी अंबाला छावनी में विशाल मुफ्त हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्तिरानी शर्मा करेंगी।

सोसाइटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गोयल और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सन्नी सिंह आहलुवालिया मरीजों की जांच करेंगे।

इसके अलावा महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज मुलाना के डॉक्टरों की टीम बच्चों और महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ कान, नाक, गला, हड्डियों, चर्मरोग और सामान्य बीमारियों की जांच व इलाज करेंगे। गौतम ने बताया कि शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ खून, शूगर, टीबी एड्स, मलेरिया, ईसीजी इत्यादि टेस्ट भी मुफ्त किए जाएंगे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा मरीजों की आंखों की जांच करने के साथ जरूरत के अनुसार मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी मुफ्त करेंगे।

इसके अलावा जिन मरीजों को चश्मे की जरूरत होगी, उन्हें सोसाइटी की ओर से चश्में भी मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में कुम्हार मंडी के अलावा गवाल मंडी, रंगिया मंडी, खटीक मं[ंडी] मोची मंडी और हाउसिंग बोर्ड क्षे[त्र] के गरीब लोगों की जांच [की] जाएगी। उन्होंने बताया कि इ[न] कॉलोनियों के अतिरिक्त भी य[दि] कोई व्यक्ति अपने स्वास्थ्य [की] जांच करवाना चाहता है तो शिवि[र] में उनके लिए भी मुफ्त सेव[ाएं] उपलब्ध रहेंगी।

अब तक 12 हजार से ज्यादा की जांच

गौतम के अनुसार अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसाइटी मई 2011 से हर महीने मुफ्त चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रही है और इनमें अभी तक 12 हजार से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शिविरों में आने वाले 400 से ज्यादा मरीजों के मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन करने के अलावा तीन हजार से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी मुफ्त उपलब्ध कराए गए हैं। सोसाइटी की ओर से दिसंबर में हृदय और दिमागी बीमारियों से संबंधित मरीजों के लिए विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। गौतम ने बताया कि 11 फरवरी को गुरु रविदास माजरी अंबाला शहर के साथ-साथ कालका में भी विशाल चिकित्सा शिविर के आयोजन का कार्यक्रम है।

नगर निगम की ओर से जल्द वि

अब नहीं चलेगी ठेकेदा

- आबादी की जगह पर काटा जा रहा था मृत पशुओं को
- कुछ ठेकेदार बिना टेंड[र] थे मृत पशु
- टेंडर आमंत्रित किए ज[ाने से] भी होगा मुनाफा
- 2010 में पहले दिया [गया था] का ठेका

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। ठेकेदारों की मनमानी के चलते अधिकारियों ने भी शिकंजा कसने का मन बना लिया है। मृत पशुओं को उठाने के लिए अब जल्द ही टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे और उपायुक्त द्वारा मामले को हरी झंडी देने के बाद ही इस कार्य को अंजाम दिया जा सकेगा। मृत पशुओं को उठाने के लिए निगम की ओर से ठेका दिया जाता था, लेकिन अभी तक यह कार्य सभी नियमों को ताक पर रख चल रहा था।

जिस ठेकेदार को इसका कार्य पहले सौंपा गया था उसका कार्यकाल खत्म होने के बावजूद भी अभी तक किसी को ठेका नहीं दिया गया और यही कारण है कि कुछ ठेकेदारों की मनमर्जी के चलते यह कार्य चल रहा था। टेंडर आमंत्रित किए जाने से निगम को तो मुनाफा होगा साथ ही उन लोगों पर लगाम लग सकेगी जो इस कार्य को काफी लंबे समय से अंजाम दे रहे थे।

वर्ष 2010 में एक वर्ष के लिए मृत पशुओं को उठाने का ठेका नगर परिषद द्वारा चार लाख रुपए में दिया था। उसके पश्चात नगर निगम बनने के बाद टेंडर आमंत्रित नहीं किए गए। ठेकेदार मृत आवारा पशुओं को उठाकर नगर निगम को चपत लगाने लगे। मामले की शिकायत उपायुक्त को करने के बाद योजना पर अमल किया गया।